**शिकंजा** अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं का लिया जायजा, कहा- मरीजों का करें बेहतर इलाज

# हाई कोर्ट की फटकार, कलेक्टर पहुंचे मानसिक चिकित्सालय

नईदुनिया प्रतिनिधि, बिलासपुर: कलेक्टर संजय अग्रवाल ने गुरुवार को सेंदरी स्थित राज्य मानसिक चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में भर्ती रोगियों से चर्चा कर अस्पताल एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी ली।अस्पताल की ओपीडी में पूरे प्रदेशभर से प्रतिदिन 100 से ज्यादा मरीज इलाज एवं परामर्श के लिए आते हैं। कलेक्टर ने महिला वार्ड, पुरुष वार्ड एवं पुनर्वास वार्ड का अवलोकन कर मानसिक रोगियों के बारे में जानकारी लेते हुए उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने पंजीयन कक्ष, दवा वितरण को भी देखा। दरअसल हाई कोर्ट में मानसिक चिकित्सालय की अव्यवस्थाओं को लेकर सुनवाई हो रही है।

**नईदुनिया लगातार**



सेंदरी मानसिक चिकित्सालय सुधार की जरूरत: न्याय मित्र

नईदुनिया खबर का असर

- न्याय मित्रों ने हाई कोर्ट में सौंपी अपनी रिपोर्ट
- अस्पताल के इंफ्रास्ट्रक्चर व अन्य कमियां हों दूर

नईदुनिया प्रतिनिधि, बिलासपुर: सेंदरी स्थित प्रदेश के एकमात्र मेंटल अस्पताल की हालत पर बुधवार को न्यायमित्रों की ओर से हाई कोर्ट में रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। इसमें अस्पताल के इंफ्रास्ट्रक्चर सहित अन्य सुधार की जरूरत बताई गई।

सेंदरी मानसिक चिकित्सालय में दीवारों पर सीपेज सहित अन्य कमियों को दूर करने के निर्देश हाईकोर्ट ने

मानसिक चिकित्सालय

नईदुनिया में पूर्व में प्रकाशित खबरें



मानसिक चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मरीज के स्वजन से चर्चा की।

कलेक्टर ने चिकित्सकों से मरीजों को बेहतर इलाज के साथ सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने दवा काउंटर में जाकर दवाइयों की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने रसोईघर का अवलोकन करते हुए मरीजों को दी जाने वाली भोजन की जानकारी ली। उन्होंने वार्डों में इलाज करा रहे मरीजों एवं परिजनों से भी मुलाकात कर हालचाल जाना। कलेक्टर ने अस्पताल के बजट एवं दवाइयों की उपलब्धता के बारे में पूछताछ की। बताया गया कि अस्पताल में फिलहाल सभी तरह की जरूरी दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। उन्होंने सभी लोगों को समय पर अस्पताल आने के निर्देश दिए। साइकैट्रिस्ट से भी मुलाकात की। कलेक्टर ने स्कूलों और अस्पतालों में नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक करने कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ इस दिशा में मिलकर काम करने कहा। इस दौरान मानसिक चिकित्सालय के अधीक्षक डा. जेपी आर्य सहित चिकित्सक एवं अन्य स्टाफ उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल और सहायक कलेक्टर अरविंथ कुमारन डी भी साथ में मौजूद थे।

### स्टाफ ने कैंटीन की रखी मांग

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मानसिक चिकित्सालय के अधिकारी-कर्मचारियों से उनकी आवश्यकताओं की जानकारी ली। सभी ने कहा कि अस्पताल परिसर में एक कैंटीन की आवश्यकता है। पीडब्ल्यूडी को इसके लिए इस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को अस्पताल में आवश्यकतानुसार मरम्मत कार्य करवाने कहा।